1		2.	3
Tamil Nadu		'33,581	34,640
Uttar Pradesh		25,928	23,298
Kerala		823	823
Gujarat		64	64
Haryana	* (Under clarlfication)	*379	*379
	TOTAL	2,24,562	1,98,508

(c) and (d) No Sir. Th© Bonded Labour System (Abolition) Act, 1976 already provides for adequate punishment. (

मानव उपभोग के लिये अनुपयुक्त गेहूं

1247. श्री रशीद मसूद :
श्री वी० नारायणसामी :

क्या खाद्य और नागरिक पूर्ति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 1984 के वर्ष में नैनी (उत्तर प्रदेश) से मंगलौर के लिए गाड़ी द्वारा ऐसा गेहूं भेजा गया था जो मानव उपभोग के लिए अनुपयुक्त था, जैसा कि भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक के हाल के प्रतिवेदन में बताया गया है ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ;

(ग) निगम को इस तरह का वित्तीय घाटा पहुंचाने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के नाम क्या हैं ; और

(घ) उनके विरुद्ध क्या कार्यवाही की गयी है ?

खाद्य और नागरिक पूर्ति मंत्रालय में उपमंत्री (श्री डी० एस० बैंठा) : (क) और (ख) फरवरी, 1984 में रेल द्वारा नैनी (उत्तर प्रदेश) से मंगलौर को निम्न श्रेणी के गेहूं का स्टाक प्रेषित किया गया था। मंगलौर में प्राप्त हुए इस स्टाक को अत्यधिक जन्तुबाधित पाया गया था। स्टाक का भंडारण करने, उसकी ढुलाई और सफाई करने/उसका उच्च श्रेणीकरण करने की प्रक्रिया में भारतीय खाद्य निगम को 21 लाख रुपये की हानि हुई थी।

(ग) और (घ) भारतीय खाद्य निगम ने इस लापरवाही के लिए जिम्मेदार पाए गए अपने 8 कर्मचारियों के विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई शुरू की है।

1248. [*Transferred to the 11th May, 1988*].

वृत्त चित्रों का निर्माण

1249. श्रीमती वीणा वर्मा :
श्री कपिल वर्मा :

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गत तीन वर्षों के दौरान भारत सरकार के फिल्म डिवीजन द्वारा कितने वृत्त चित्र बनाये गये ;

(ख) वृत्त चित्रों के 10 प्रमुख निर्माताओं के नाम क्या हैं ;

(ग) ये वृत्त चित्र कहां-कहां बने, ये गये ; और

(घ) ऐसी मान्यता प्राप्त सरकारी तथा गैर-सरकारी संस्थायें कितनी हैं जहां वृत्त चित्र बनाने की कला में प्रशिक्षण

दिया जाता है तथा डिग्रियां प्रदान की जाती हैं ?

संसदीय कार्य मंत्री तथा सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री एच०के० एल भगत) : (क) गत तीन वर्षों के दौरान फिल्म प्रभाग द्वारा निर्मित वृत्तचित्रों तथा समाचार चित्रों की संख्या इस प्रकार है:–

वर्ष	निर्मित वृत्तचित्र/ समाचार चित्र
1985 . . .	117
1986 . . .	110
1987 . . .	133

(ख) बड़ी संख्या में स्वतंत्र बाहरी निर्माताओं ने गत तीन वर्षों के दौरान फिल्म प्रभाग के लिये वृत्त चित्र बनाये हैं । इसके निर्माण का लगभग 40 प्रतिशत, विशेषकर उन फिल्मों जिनको विभिन्न मंत्रालयों द्वारा वित्तपोषित किया जाता है, को हर वर्ष बाहरी निर्माताओं को सौंपा जाता है । तथापि, उनमें से 10 के नाम निम्न प्रकार हैं:—

1. श्री अदूर गोपालकृष्ण
2. श्री जी. अरविन्दन
3. श्री गौतम घोष
4. डा. जब्बार पटेल
5. श्री मणि कौल
6. श्री प्रकाश झा
7. श्री रमेश शर्मा
8. श्री सत्यजीत रे
9. श्री श्याम बेनेगल
10. श्री विनोद चोपड़ा

(ग) इन फिल्मों की शूटिंग देश भर में तथा विदेश में भी कई स्थानों पर की गई है । शूटिंग के स्थानों के लिये चयन फिल्मों के विषय तथा आलेख पर निर्भर करता है । तथापि, निर्माण के बाद का कार्य फिल्म, प्रभाग, मुख्यालयों तथा बम्बई, दिल्ली, कलकत्ता और बंगलौर के अन्य निर्माण केन्द्रों पर किया जाता है ।

(घ) इस प्रकार के संस्थानों का कोई रिकार्ड नहीं रखा जाता । तथापि, सूचना और प्रसारण मंत्रालय के अधीन भारतीय फिल्म और टेलीविजन संस्थान, पुणे फिल्म निर्माण की विभिन्न विधाओं में प्रशिक्षण देते हैं तथा डिप्लोमा प्रदान करते है ।

हिन्दी और अंग्रेजी के आशुलिपिकों की वरिष्ठता

1250. श्रीमती वीणा वर्मा : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या आकाशवाणी की समाचार सेवा में हिन्दी के आशुलिपिकों को अंग्रेजी के आशुलिपिकों की वरिष्ठता सूची से अलग कर दिया गया है जबकि गृह मंत्रालय के आदेशों के अनुसार अंग्रेजी और हिन्दी दोनों ही भाषाओं के आशुलिपिकों के लिये एक ही वरिष्ठता सूची रखी जानी चाहिये; यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं ;

(ख) क्या ऊपर लिखित विभाग में हिन्दी के आशुलिपिकों को अंग्रेजी के आशुलिपिकों के समान हिन्दी आशुलिपिक ग्रेड 1 में या रिपोर्टर के पद पर पदोन्नत किया जाता है ; और

(ग) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

संसदीय कार्य मंत्री तथा सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री एच.के. एल. भगत) : (क) जी, नहीं । प्रारंभ से ही अंग्रेजी